केवल आप के लिये
गांव–गांव शहर–शहर देश दुनियां में अपनों तक पहुंचाना है तो :भारतीय बस्ती दैनिक वेब
www.bhartiyabasti.com
और उसका छपा संस्करण
सबसे बेहतर माध्यम
सम्पर्क–bhartiyabasti@gmail.com
मो0 9450567450| 9336715406

# दैनिक भारतीय बस्ती

भारतीय बस्ती
www.bhartiyabasti.com
के लिये विज्ञापन बुक कराये।
विचार, प्रचार का सशक्त माध्यम
सम्पर्क
मो0 9450567450
9336715406

भारतीय बस्ती आमंत्रण मूल्य 2रूपया

R.N.I. 38784/81 डाक पंजीकरण सं0 B.S.T 59 बस्ती, वर्ष :45 अंक 253 शुक्रवार 5 अप्रैल 2024 (बस्ती संस्करण) बस्ती एवं अयोध्या–फैजाबाद से एक साथ प्रकाशित पृष्ठ :4मूल्य:3.00 रुपया www.bhartiyabasti.com

## एक नजर

### दुर्घटना में महिला की मौत, दो घायल

**–भारतीय बस्ती संवाददाता–**

नगर बाजार ( बस्ती)। नगर थाना क्षेत्र के फुटहिया फ्लाई ओवर के निकट बस्ती की ओर से फैजाबाद की ओर एक ही मोटरसाइकिल पर सवार होकर जा रहे तीन लोगों को अज्ञात वाहन ने ठोकर मार दिया जिससे महिला की मौके पर ही मौत हो गई और जबकि दो अन्य घायल हो गए।

मिली जानकारी के अनुसार मुंडेरवा थाना क्षेत्र के उच्च गांव निवासी उमेश पुत्र मुन्ना निषाद अपनी मां फूला देवी तथा भाई अजय को साथ लेकर अपने गांव जा रहे थे फुटिया फ्लाई ओवर के निकट पीछे से आ रही एक प्राइवेट बस में उनके मोटरसाइकिल में ठोकर मार दिया जिससे में मौके पर फूला देवी की मौत हो गई तथा उमेश था और अजय घायल हो गए दुर्घटना के बाद चालक बस लेकर फरार हो गया वहीं सूचना मिलने पर पहुंचे फुटिया चौकी इंचार्ज दुर्गा प्रसाद पाण्डेय ने दोनों घायलों को उपचार के लिए घायल को जिला अस्पताल और मृतक महिला की की शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया मामले में पीड़ित की तरफ से तहरीर दी गई है वहीं घटना के संबंध में पूछे जाने पर नगर थानाध्यक्ष जय वर्धन सिंह ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर विधि कार्रवाई की जा रही है।

### परिषदीय विद्यालय में बच्चो ने दिखाया हुनर



**–भारतीय बस्ती संवाददाता–**

कुदरहा (बस्ती)। कुदरहा विकास क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय बगही उर्फ बेनीपुर में बुधवार को वार्षिकोत्सव कार्यक्रम धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्यातिथि नगर पंचायत प्रतिनिधि गायघाट बालकृष्ण उर्फ पिंटू तिवारी व विशिष्ट अतिथि प्राथमिक शिक्षक संघ के ब्लाक अध्यक्ष चंद्रभान चौरसिया ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्जवलित कर किया। विद्यालय के छात्र–छात्राओं ने मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर शमा बांधा। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाध्यापिका किरण सिंह व संचालन विपेंद्र सिंह नें किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि बालकृष्ण त्रिपाठी पिंटू ने कहा कि परिषदीय विद्यालय किसी कान्वेंट से काम नहीं है। यहां के छात्र–छात्राओं में जो कला है वह अन्य विद्यालयों पर काम देखने को मिलेगा। पढ़ाई के साथ सस्कृतिक कार्यक्रम होना नितांत आवश्यक है। जिससे बच्चों की प्रतिभा निखरकर सामने आती है। विशिष्ट अतिथि चंद्रभान चौरसिया ने कहा कि अच्छे बच्चो की पहचान संस्कार से होता है संस्कार सिर्फ परिषदीय विद्यालयों के बच्चो में ही मिलना संभव है। विद्यालय परिवार के साथ ही बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की।

कार्यक्रम में राम अजोर यादव, अखंड सिंह, राम शंकर सिंह, डा० सुनील यादव, ओमप्रकाश पांडे, भीम शंकर सिंह ने भी बच्चो को संबोधित किया।

विद्यालय की छात्राओं ने सरस्वती बंदना, स्वागत गीत, मेरे घर राम आये हैं, लोकगीत, देशभक्ति गीत, किसान गीत, राजस्थानी गीत, मराठी गीत, नाटक, हरियाणी गीत के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम में देर रात तक समा बांधे रखा। मौजूद अभिभावकों व अतिथियों ने बच्चों के कार्यक्रम को देख पूरी रात ताली बजाते आनंदित होते दिखे। विद्यालय के छात्र छात्राओं को पुरस्कृत कर उत्साह बर्धन किया। वही विद्यालय में पढ़ने वाले बच्चो का जन्मदिन केक काटा कर मनाया गया।

कार्यक्रम में चंद्रिका प्रसाद सिंह, राम प्रकाश यादव, अतुल वर्मा, भैया राम यादव, कृष्ण कुमार वर्मा, रविंद्र नाथ वर्मा, धर्मेंद्र गौड़, दिवाकर यादव, बुधीराम यादव, अभिनव कुमार, ओंकारनाथ चौधरी, धर्मेंद्र कुमार पाठक, सच्चिदानंद त्रिपाठी, रामफेर, केसरी नंदन पांडे, हीरा सिंह, जयप्रकाश सिंह, श्री राम यादव, दिनेश यादव, राजेश त्रिपाठी सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# नेपाल सीमा से दो पाकिस्तानी सहित तीन आतंकी गिरफ्तार

**संवाददाता– महराजगंज ।** यूपी एटीएस ने भारत–नेपाल सीमा से दो पाकिस्तानी समेत तीन आतंकियों मोहम्मद अल्ताफ भट, सैय्यद गजनफर व नासिर अली को गिरफ्तार किया। अल्ताफ भट आईएसआई की मदद से कुख्यात आतंकी संगठन हिजबुल मुजाहिद्दीन से ट्रेनिंग भी ले चुका है। तीनों बुधवार को नेपाल से सटे महराजगंज जिले के सोनौली कस्बे से पकड़े गए थे। पूछताछ के बाद गुरुवार को मुकदमा दर्ज करते हुए तीनों को गिरफ्तार कर लिया गया। एटीएस के अनुसार, उसकी गोरखपुर फील्ड इकाई को खुफिया सूचना मिली थी कि दो पाकिस्तानी नागरिक भारत नेपाल सीमा से सटे शेख फरेंदा गांव होते हुए गुप्त रास्ते से भारत में प्रवेश करने वाले हैं। यह भी पता चला था कि ये लोग भारत में आतंकी घटना को अंजाम देने का मंसूबा रखते हैं तथा आईएसआई के सहयोग से




हिजबुल मुजाहिद्दीन के ट्रेनिंग कैंप में प्रशिक्षण भी ले चुके हैं।

बुधवार को एटीएस की टीम ने सोनौली बॉर्डर से पाकिस्तान के रावलपिंडी स्थित सादिकाबाद निवासी मोहम्मद अल्ताफ भट, इस्लामाबाद के तरामणि चौक इरफानाबाद निवासी सैय्यद गजनफर तथा जम्मू–कश्मीर के श्रीनगर स्थित कराली पोरा हवल निवासी नासिर अली को दबोच लिया। तीनों के कब्जे से दो मोबाइल फोन, एक मेमोरी कार्ड, दो पाकिस्तानी व एक भारतीय पासपोर्ट, सात डेबिट व क्रेडिट कार्ड, तीन आधार कार्ड, दो फ्लाइट टिकट, एक पाकिस्तानी ड्राइविंग लाइसेंस, दो पाकिस्तानी राष्ट्रीय पहचान पत्र तथा नेपाल, बांग्लादेश, भारत व अमेरिका की मुद्रा बरामद हुई है। तीनों के विरुद्ध एटीएस के लखनऊ थाने में आईपीसी की धारा 419, 420, 467, 468, 471, 120 बी व 121 ए, विधि विरुद्ध क्रियाकलाप निवारण अधिनियम की धारा 13, 18 व 38 तथा विदेशी अधिनियम 1946 की धारा 14 व 14 सी के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है।

मोहम्मद अल्ताफ भट ने पूछताछ में बताया कि उसका जन्म भारत के कश्मीर में हुआ था। करगिल युद्ध के बाद वह हिज्ब–उल–मुजाहिदीन के एक आतंकी के साथ जिहाद की ट्रेनिंग के लिए पाकिस्तान चला गया था। वह हमेशा से ही चाहता था कि कश्मीर पाकिस्तान का हिस्सा बने। इस मकसद से उसने पाकिस्तान पहुंच कर आईएसआई के निर्देशन में हिजबुल मुजाहिदीन के मुजफ्फराबाद कैंप में जेहादी ट्रेनिंग ली। आईएसआई, कश्मीर स्थित आतंकी संगठन हिजबुल मुजाहिदीन के साथ मिलकर भारत में आतंक फैलाने के उद्देश्य से भारतीय नागरिकों को अपनी तंजीम में जोड़ रही है। वह हिजबुल मुजाहिदीन का साहित्य पढ़कर तथा अन्य जेहादी संगठनों के उस्तादों की तकरीरें सुनकर प्रभावित हुआ।

## रोटरी क्लब बस्ती ग्रेटर ने दो महिलाओं में किया सिलाई मशीन का वितरण



**–भारतीय बस्ती संवाददाता–**

बस्ती। रोटरी क्लब बस्ती ग्रेटर द्वारा रोटरी इन्टरनेशनल ग्रांट 2022–23 से प्राप्त दो सिलाई मशीनों का वितरण साजिया और हुमा को किया गया।

क्लब अध्यक्ष रोटेरियन प्रतिभा गोयल और पूर्व अध्यक्ष डा. वी.के. वर्मा ने साजिया और हुमा को सिलाई मशीन देते हुये कहा कि रोटरी द्वारा समय–समय पर ऐसी पहल किया जाता है। साजिया और हुमा की पात्रता को देखते हुये उन्हें जब सिलाई मशीन भेंट किया गया तो उनके चेहरों पर मुस्कान थी। डा. वी.के. वर्मा ने कहा कि उदास चेहरों में उम्मीद पैदा कर उन्हें सही दिशा देकर आगे बढाना रोटरी का उद्देश्य है।

इस अवसर पर क्लब के चार्टर अध्यक्ष किशन कुमार गोयल ने बताया कि रोटरी इन्टरनेशनल ग्रांट 2022–23 के द्वारा निवर्तमान मण्डलाध्यक्ष रअनिल अग्रवाल ने क्लब को सिलाई मशीन उपलब्ध कराई जिसे क्लब ने उचित पात्र का चयन कर उपलब्ध कराया। रोटरी क्लब बस्ती ग्रेटर सदैव सामाजिक कार्यो में अपना योगदान करता रहता है ।

सिलाई मशीन वितरण के मौके पर निवर्तमान अध्यक्ष रोटेरियन अशोक शुक्ला, डा. आलोक रंजन , राजेश्वरी वर्मा, कमलादेवी शुक्ला, डा. आर.एन. चौधरी, डा. श्याम नरायण चौधरी, राम दयाल चौधरी, विनय मौर्य आदि उपास्थित रहे ।

## प्रेस क्लब में मनाया गया होली मिलन



**–भारतीय बस्ती संवाददाता–**

बस्ती, । गुरूवार को प्रेस क्लब सभागार में पत्रकारों ने होली मिलन समारोह का आयोजन किया। पत्रकारों ने एक दूसरे को गुलाल लगाकर पुष्पवर्षा की और शुभकामनायें दिया। वरिष्ठ पत्रकार दिनेश चन्द पाण्डेय ने कहा प्रेस क्लब पत्रकारों को एकजुट कर जिस प्रकार परंपराओं को आगे बढ़ा रहा सराहनीय है।

वरिष्ठ पत्रकार एवं कोआपरेटिब बैंक के चेयरमैन राजेन्द्रनाथ तिवारी ने कहा पत्रकारों को एक अच्छे समाज व राष्ट्र की स्थापना के लिये मन की होलिका जलानी होगी। उन्होने आयोजन के लिये कार्यकारिणी को साधुवाद दिया। सहायक सूचना निदेशक प्रभाकर त्रिपाठी ने कहा बस्ती में पत्रकारिता समृद्ध है और प्रेस क्लब भाईचारे और एकजुटता का उदाहरण। उन्होने सभी कलमकारों को शुभकामनायें दिया। वरिष्ठ पत्रकार केडी मिश्र ने काव्य रचना प्रस्तुत कर पत्रकारों का पर्व की हार्दिक शुभकामनायें दिया। प्रेस क्लब अध्यक्ष विनोद कुमार उपाध्याय ने पत्रकारों को शुभकामनायें देते हुये मनमोहक गीत गाया। वरिष्ठ कवि रामकृष्णलाल ने काव्य पाठ कर सभी का मनोरंजन किया।

प्रेस क्लब महामंत्री महेन्द्र तिवारी ने कहा प्रेस क्लब को और बेहतर तथा पत्रकारों के लिये उपयोगी बनाने की दिशा में लगातार प्रयास हो रहे हैं। उन्होने कहा परंपराओं को जीवंत रखना हमारी जिम्मेदारी है। इस अवसर पर प्रेस क्लब की स्मारिका के प्रकाशन की भी चर्चा हुई। वरिष्ठ पत्रकार सरदार जगवीर सिंह, मजहर आजाद, पुनीत दत्त ओझा, अशोक श्रीवास्तव, चन्द्रप्रकाश शर्मा आदि ने सम्बोधित किया। इस अवसर पर कौशल किशोर ओझा, राजेश पाण्डेय, अरूणेश श्रीवास्तव, स्कंद शुक्ला, सुरेश सिंह गौतम, शिवप्रकाश गोंड, शिवराज सिंह, संदीप गोयल, अरूण कुमार, सर्वेश श्रीवास्तव, अनिल पाण्डेय, अजय श्रीवास्तव, सुमित जायसवाल, हेमंत पाण्डेय, अनिल भेलखा, लवकुश सिंह, अनुराग श्रीवास्तव, राधेश्याम दूबे, दिलीप पाण्डेय, रमेश मिश्रा, राहुल पटेल, जीशान हैदर, राकेश गिरि, संतोष तिवारी, ब्रह्मसेवक पाण्डेय, राघवेन्द्र मिश्र, रामकुमार, साइमन फारूकी, राजेन्द्र उपाध्याय, देवेन्द्र पाण्डेय, प्रवीन पाण्डेय, अमर सोनी, दयाशंकर सिंह, चन्द्रभूषण श्रीवास्तव आदि की मौजूदगी रही।

## राहुल सिंह सपा यूथ ब्रिगेड के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मनोनीत



**–भारतीय बस्ती संवाददाता–**

बस्ती। कप्तानगंज विधानसभा के ग्राम पंचायत बरगदवा निवासी राहुल सिंह सपा यूथ ब्रिगेड में राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मनोनीत किए जाने पर उनके शुभचिंतकों में हर्ष है । श्री सिंह लम्बे समय से समाजवादी पार्टी में जुड़े हुए हैं पिछले कई सालों से समाजवादी विचारधारा को जन–जन तक पहुंचाते हुए समाजवादी पार्टी को मजबूत करने का काम कर रहे हैं । समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव और समाजवादी यूथ के राष्ट्रीय अध्यक्ष सिद्धार्थ सिंह (पूर्व मंत्री) ने उनकी निष्ठा को देखते हुए महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है । श्री सिंह इसके पहले भी समाजवादी पार्टी के कई अहम पदों पर अपनी जिम्मेदारी निभा चुके हैं ।

राहुल सिंह सपा यूथ ब्रिगेड में राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मनोनीत किए जाने पर निर्मल सिंह ,पूर्व प्रमुख महेश सिंह, श्री प्रकाश गुप्ता, कौशलेंद्र सिंह, मो० स्वाले,सचिन गुप्ता, अरविन्द सिंह,विधायक महेंद्र नाथ यादव,विपिन पांडेय, मो० रईस,अभिनव श्रीवास्तव, नीरज कुमार, गौरव सिंह, प्रिंस सिंह रामबरन, शिवा निषाद,सुनील शर्मा, अशोक मौर्य, उपेंद्र आदि ने प्रसन्नता व्यक्त किया है।

# चौपाल में सांसद हरीश ने गिनाई उपलब्धियां

**–भारतीय बस्ती संवाददाता**

कुदरहा (बस्ती)। कुदरहा विकास क्षेत्र के ग्राम पंचायत माझा कला, पांऊ, बैड़ारी, हरखौलिया उर्फ मटियरिया, सेल्हरा, जगरनाथपुर व बारीघाट में गुरुवार को जन चौपाल का कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सांसद हरीश द्विवेदी ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय व श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर मलयार्पण व दीप प्रज्वलित कर किया। उन्होंने उपलब्धियों को गिनाते हुए कहा कि कांग्रेस की सरकार 65 वर्षों में सपा और बसपा के सहयोग से जो विकास कार्य नही कर सका उससे ज्यादा विकास भाजपा की सरकार में हुआ है। इतना ही नहीं 55 वर्ष कांग्रेस की सरकार



थी, लेकिन कांग्रेस को गरीबों की चिंता नहीं थी।इनके सरकार में 65 वर्षों में लाखों की संख्या में आवास बनते थे। लेकिन भाजपा सरकार में दस वर्षों में चार करोड़ से अधिक आवास बन चुके हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश का मान विश्व में बढ़ा है। सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ बिना किसी भेदभाव के सीधे पत्रों को मिल रहा है। उन्होंने बिना नाम लिए एक पार्टी के कद्दावर नेता को बताया कि क्षेत्र में घूम–घूम कर जाति के नाम पर वोट मांगते है। उन्हें गरीबों के विकास की चिंता नहीं है, उन्हें सिर्फ चिंता भाई, भतीजा व परिवारवाद का है। जन चौपाल को पूर्व विधायक रवि सोनकर,ब्लाक प्रमुख अनिल दूबे,पिछड़ा मोर्चा के जिलाध्यक्ष ब्रह्मदेव यादव देवा,इं.केडी चौधरी,अमित शुक्ल,बालकृष्ण उर्फ पिंटू तिवारी, प्रधान राम प्रकाश यादव,प्रदीप पांडे,विष्णु दत्त शुक्ल,रामभेज यादव,कृष्णा राजभर, पंकज शुक्ला, अभिषेक यादव,अश्वनी उपाध्याय ने संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिलाध्यक्ष ब्रह्मदेव यादव देवा ने किया।

प्रधान संघ के अध्यक्ष धर्मेंद्र चौधरी, प्रधान पप्पू गुप्ता, प्रदुमन शुक्ल, अभिषेक दूबे, सच्चिदानंद यादव, ओंकार चौधरी, राजेश यादव,अजय पाल, जीत बहादुर यादव, भोलू पाल, गिरजा शंकर दुबे, बबलू गुप्ता, अरुण चौधरी, जय सिंह चौधरी, राजू यादव सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# कांग्रेस ने 60 वर्ष में मथुरा, काशी और अयोध्या के बारे में नहीं सोचा– योगी

**मथुरा (आभा)।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गुरुवार को मथुरा के बीएन पोद्दार इंटर कॉलेज में तीखे तेवरों के साथ विपक्ष पर हमलावर रहे और लोकसभा प्रत्याशी हेमा के लिए जनसभा को संबोधित किया।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि यहां नगर निगम बनाने का काम हो। मथुरा–वृंदावन, बरसाना, गोकुल, बलदेव, गोवर्धन, नंदगांव सभी को तीर्थ स्थल घोषित करने का काम हो, सब भाजपा सरकार ने किया। ब्रज तीर्थ विकास परिषद के माध्यम से यहां की भावनाओं के अनुरूप यहां का विकास हो। यहां की सांसद हेमामालिनी के सुझाव पर



हमने ये तीर्थ स्थल घोषित करते हुए और यहां के समग्र विकास की एक रूपरेखा तैयार कर कार्यक्रम को आगे बढ़ाया। सभी तीर्थों में विकास के कार्य आगे बढ़ रहे हैं। जहां न्यायालय में मामले लंबित हैं, वहां हमें थोड़ा रुकना पड़ता है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि 60 वर्ष में कांग्रेस ने मथुरा, काशी और अयोध्या के बारे में नहीं सोचा। विकसित भारत के लिए विकसित उत्तर प्रदेश आवश्यक है और विकसित उत्तर प्रदेश के लिए विकसित मथुरा भी आवश्यक है। यहां सबसे अच्छा स्पिरिचुअल टूरिज्म है। हम उसे विकसित करेंगे। यमुना मैया की शुद्धि के साथ–साथ अन्य कार्य भी करेंगे। यहां की पहचान को भी हमने कभी रंगोत्सव के रूप में कभी कृष्णोत्सव के रूप में कार्यक्रमों को आगे बढ़ाने का काम किया।

योगी आदित्यनाथ ने कहा कि व्यापारी और बेटी को जो सुरक्षा मिली है। ये काम विपक्षी कर पाते क्या?

## आग से ट्रैक्टर और गन्ने की फसल जलकर राख

**–भारतीय बस्ती संवाददाता–**

बस्ती। जिले में दो अलग–अलग स्थानों पर लगी आग से ट्रैक्टर और गन्ने की फसल जलकर राख हो गई। कोतवाली थानाक्षेत्र के सिविल लाइन स्थित मिश्रा गली में दोना–पत्तल के कतरनों में लगी आग ने अचानक विकराल रूप धारण कर लिया।

स्थानीय लोगों ने फायर ब्रिगेड टीम को सूचना दी। मौके पर फायर टीम ने मौके पर पहुंच कर आग पर काबू पाया। जिला अग्निशमन अधिकारी पशुपतिनाथ मिश्र ने बताया कि सिविल लाइन इलाके के मिश्रा गली में कोई जानमाल का नुकसान नहीं हुआ है। समय रहते आग पर नियंत्रण पा लिया गया।

छावनी थानाक्षेत्र के मुड़बरा गांव



में अज्ञात कारणों से फैली आग से गन्ने की फसल व ट्रैक्टर जलकर नष्ट हो गया। घटना बुधवार कों हुई। मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने आग किसी तरह बुझाई। छावनी पुलिस मौके पर मौजूद रही। इस घटना में कौवाडाड के प्रधान बबलू चौधरी का ट्रैक्टर जल गया। ग्रामीणों ने बताया कि गांव के सीवान में स्थित बाग में अज्ञात कारणों से निकली चिंगारी ने अचानक विकराल रूप ले लिया। देखते ही देखते तेज पछुवा हवाओं के बीच आग ने गांव के ही हरिश्चंद्र चौधरी के गन्ने की कटी फसल को चपेट में ले लिया। इसी दौरान तेज लपटों ने आग बुझाने के लिए मौके पर पहुंचे ट्रैक्टर को चपेट में ले लिया। इस अग्निकांड में हरिश्चंद्र की तीन बीघे गन्ने की फसल जल गई। मौके पर जुटे ग्रामीणों ने किसी तरह आग पर काबू पाया। प्रभारी निरीक्षक छावनी राजेश तिवारी ने बताया कि ग्रामीणों के सहयोग से आग बुझाई गई। एसडीएम हर्रैया विनोद पाण्डेय ने बताया कि कौवाडाड निवासी किसान के ट्रैक्टर जलने के नुकसान का आकलन करने के लिए लेखपाल को मौके पर भेजा गया है।

## प्रार्थना, समग्र शिक्षा के संकल्प के साथ राजन इंटरनेशनल एकेडमी में नया सत्र शुरू

**–भारतीय बस्ती संवाददाता–**

बस्ती। गुरूवार को राजन इंटरनेशनल एकेडमी में विधि विधान से ज्ञान की देवी मां सरस्वती की प्रार्थना, समग्र शिक्षा के संकल्प के साथ नवीन सत्र का शुभारंभ छात्र–छात्राओं और शिक्षक, शिक्षिकाओ के स्वागत से हुआ।

एकेडमी की प्रबंध निदेशिका शिखा चतुर्वेदी,कार्यकारी निदेशक संजीव पाण्डेय, प्रधानाचार्य सानू एंटोनी ने मां सरस्वती व विद्यालय के संस्थापक पंडित सूर्य नारायण चतुर्वेदी के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। बच्चों ने मां सरस्वती की वंदना के साथ कर्तव्य परायणता की शपथ लिया।

इस अवसर पर प्रबंध निदेशिका शिखा चर्तुवेदी ने कहा विद्यालय छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है,पिछली बार से भी ज्यादा व्यवस्था का प्रबंध कर दिया गया है,सभी विषयों की बेहतर शिक्षा के साथ साथ खेलकूद की शिक्षा पर भी विशेष ध्यान दिया गया है। प्रबध निदेशिका के निर्देशन में छात्रों और



परिसर में मौजूद सभी शिक्षक, शिक्षणेत्तर कर्मचारी व अभिभावकों में चॉकलेट, आइसक्रीम व मिष्ठान का वितरण किया गया।सभी बच्चों के चेहरे पर खुशी साफ झलक रही थी।

कार्यकारी निदेशक संजीव पाण्डेय ने कहा कि जिस तरह लोगो का रुझान एकेडमी के तरफ बढ़ा है विद्यालय परिवार उनको भरोसा दिलाता है कि उनके पाल्यो को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ ही उनका सर्वांगीण विकास होगा जिससे वे सुयोग्य, सफल नागरिक बन सके।

प्रधानाचार्य सानू एंटोनी ने कहा कि शानदार सफलता के दो वर्षों में अभिभावको के भरोसे पर खरा उतरने के लिए प्रबन्ध तंत्र का भरपूर सहयोग मिला साथ ही शिक्षको के परिश्रम का परिणाम रहा कि बच्चों का प्रदर्शन बहुत ही शानदार रहा। आगामी सत्र इससे बेहतर जायेगा इसमें संदेह नहीं। इस अवसर पर सभी शिक्षक शिक्षिकाएं और छात्र उपस्थित रहे।

## परिषदीय विद्यालय के वार्षिकोत्सव में झूमा बचपन

**–भारतीय बस्ती संवाददाता–**

बस्ती। परिषदीय विद्यालय गणेशपुर प्रथम में वार्षिक उत्सव उल्लास के साथ मनाया गया। विद्यालय के छात्र–छात्राओं ने रोचक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर रचनात्मक संदेश दिया।

कार्यक्रम में मां सरस्वती की प्रतिमा पर दीप – प्रज्वलन और माल्यार्पण कर शिक्षक सूर्य प्रकाश शुक्ल ने वार्षिकोत्सव के महत्व पर प्रकाश डाला।

छात्रों ने सरस्वती वंदना, नुक्कड़ नाटक ,चौपाल व नामांकन मेला और विविध प्रकार के कार्यक्रम प्रस्तुत कर अतिथियों, अभिभावकों , ग्राम वासियों का दिल जीत लिया।

कार्यक्रम में ड्रॉप आउट बच्चे जो शिक्षा की मुख्य धारा में जुड़े तथा नियमित उपस्थिति समेत कई मेधावी बच्चों और अभिभावकों को उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला उपाध्यक्ष एवं सदर ब्लाक अध्यक्ष शैल शुक्ला और संगठन के पदाधिकारियों द्वारा पुरस्कृत किया गया।

अध्यक्षीय उद्बोधन में शिक्षक शैल शुक्ल ने कहा कि ऐसे अनेक उदाहरण और सराहनीय पहल हमारे विद्यालय परिवार के द्वारा ब्लॉक



**–शिक्षक अभिभावकों का भरोसा जीते–शैल शुक्ल**

स्तरीय समय–समय पर आयोजित किए जाते हैं। ऐसे कार्यक्रम से बच्चों में जागरूकता के साथ साथ काफी कुछ सीखने और करने के अवसर भी प्राप्त हो रहे हैं। नये शैक्षिक सत्र में पदाधिकारी साथियों एवं शिक्षिका बहनों से शिक्षकों से नवीन नामांकन बढ़ाये जाने पर जोर देते हुये श्री शुक्ल ने कहा नियमित रूप से पठन–पाठन को मजबूत कर अभिभावकों का विश्वास जीतना होगा।

वार्षिकोत्सव में विद्यालय प्रधानाध्यापिका श्रीमती प्रज्ञा सिंह, विद्यालय के सभी शिक्षक शिक्षिकाओं ने महत्वपूर्ण योगदान दिया। कार्यक्रम का संचालन सचिन शुक्ल और राघवेन्द्र पाण्डेय ने संयुक्त रूप से किया।

इस अवसर पर कक्षा 5 के उत्तीर्ण बच्चों का विदाई कार्यक्रम भी आयोजित कर सभी उत्तीर्ण बच्चों को पुरस्कृत किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम मे आयशा, फरजाना, रुपा जगदीश, शिवाजी लाडो मीनाक्षी, देविका आदि के सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। वरिष्ठ समाजसेवी विक्की जायसवाल ने बच्चों के लिए पुरस्कार उपलब्ध कराया। जिला उपाध्यक्ष व सदर अध्यक्ष शैल शुक्ला ने बच्चों को अंक पत्र एवं पुरस्कार देकर उत्साहवर्धन किया गया।

कार्यक्रम में प्रज्ञा सिंह प्रधानाध्यापिका, विजय प्रताप वर्मा, स्वालिहा खातून, प्रियंका चौधरी, प्रेमलता, सुरेन्द्र कुमार, मो० सलाम, विनोद कुमार,आभा, गजाला खातून, ओमप्रकाश, अनिल, सुषमा सिंह, अल्पना , बविता, सविता, पुष्पा, मनीषा देवी, शशिकला के साथ ही शिक्षक और छात्रों के साथ ही अभिभावक उपस्थित रहे।

*"मुझे अखबार निकालने दो तो मै इस बात की परवाह नहीं करता कि कौन धर्म का नियामक है और कौन कानून का निर्माता"–वेंडेल फिलिप्स*

दैनिक **भारतीय बस्ती**

बस्ती 5 अप्रैल 2024 शुक्रवार

## सम्पादकीय

# आयुर्वेद दवा और बाबा रामदेव

स्वामी रामदेव और पतंजलि आयुर्वेद के प्रबंध निदेशक आचार्य बालकृष्ण के खिलाफ दायर भारतीय चिकित्सा संघ (आईएमए) की याचिका की सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने जो कुछ कहा है, उसके गहरे निहितार्थ हैं और इसे व्यक्ति या संस्थान विशेष के मामले के रूप में नहीं देखा जाना चाहिए। शीर्ष अदालत ने दोटूक कहा है कि 'न सिर्फ सुप्रीम कोर्ट, बल्कि देश के किसी भी न्यायालय ने यदि कोई आदेश पारित किया है, तो उसका अक्षरशः पालन किया जाना चाहिए।' अदालत ने अपनी टिप्पणियों में एक बार फिर जता दिया है कि कोई कितना भी रसूखदार क्यों न हो, कानून की महिमा सबसे ऊपर है! निस्संदेह, भारतीय न्यायपालिका की दुनिया भर में साख है और यह प्रतिष्ठा उसने एक–दो महीने या साल में नहीं अर्जित की है, यह इंसाफ के प्रति उसकी दशकों की प्रतिबद्धता का फलितार्थ है। ऐसे में, सर्वोच्च न्यायालय ने इस मामले में अपने आदेश की नाफरमानी को उचित ही गंभीरता से लिया है। स्वामी रामदेव व आचार्य बालकृष्ण की शीर्ष अदालत में सशरीर उपस्थिति और उनके माफीनामे पर अदालत की प्रतिकूल टिप्पणी इस बात की तस्दीक करती है। अदालत ने अगली सुनवाई में भी इन दोनों को उपस्थित रहने का आदेश दिया है।

दरअसल, भ्रामक विज्ञापनों का पूरा मसला ही अपने आप में एक बड़ा मामला है, खासकर दवाओं के मामले में इसके परिणामों की प्रकृति इसे और गंभीर बना देती है। ऐसे में, अदालत ने केंद्र व राज्य सरकारों के रवैये पर जो टिप्पणी की है, वह भी सत्ता–प्रतिष्ठानों को आईना दिखाने के लिए काफी है। विडंबना यह है कि जिस आईएमए ने पतंजलि आयुर्वेद के भ्रामक विज्ञापन और इसके ऊंचे ओहदेदारों के बड़बोलेपन के खिलाफ अदालत की शरण ली है, वह अपने पेशेवरों के आचरण की निगरानी का कोई अचूक तंत्र अब तक विकसित नहीं कर पाया है! सोशल मीडिया में हर कुछ दिन पर चिकित्सकों की लापरवाही या मरीजों से मार–पीट के वीडियो वायरल होते रहते हैं। आईएमए कितनों के खिलाफ कार्रवाई करता है? आईएमए को इस पहलू पर भी चिंता करनी चाहिए।

इसमें कोई दोराय नहीं कि हमारे देश में आयुर्वेद की बेहद समृद्ध चिकित्सा पद्धति है और करोड़ों लोग इस प्रणाली से लाभान्वित भी हुए हैं। इस बात से आधुनिक चिकित्सा पद्धति (एलोपैथी) या आईएमए का कोई झगड़ा या विरोध भी नहीं है, परेशानी प्रामाणिकता की कसौटी पर खरी आधुनिक चिकित्सा पद्धति को निराधार चुनौती देने और लोगों को गुमराह करने को लेकर है। इन दोनों पद्धतियों के पेशेवरों और दवाओं का अंतिम उद्देश्य मरीजों को स्वस्थ करना है। मगर दुर्योग से दोनों पद्धतियों में कुछ लोभी कारोबारी नकली दवाओं के जरिये बेबस लोगों की सेहत से खिलवाड़ करते हैं। अभी कितने दिन हुए होंगे, जब कैंसर जैसी जानलेवा बीमारी की नकली एलोपैथिक दवाओं की फैक्टरियां गाजियाबाद से हैदराबाद तक पकड़ी गईं? अभी तीन दिन पहले ही उत्तर प्रदेश सरकार ने 22 से अधिक नकली या मिलावटी आयुर्वेदिक दवाओं की बिक्री पर रोक लगाई है। समय आ गया है, आयुर्वेदिक दवाओं के निर्माण से जुड़ी कंपनियों की दवा परीक्षण–प्रणाली की ठोस निगरानी सुनिश्चित की जाए। सत्यापित दवाओं के विज्ञापन से किसी को क्या गुरेज हो सकता है? इससे न सिर्फ आयुर्वेद चिकित्सा प्रणाली की प्रतिष्ठा दुनिया भर में बढ़ेगी, बल्कि निरीह मरीजों को किसी छलावे का शिकार बनने से भी बचाया जा सकेगा।

योग गुरू से 'कॉरपोरेट बाबा' तक का सफर बाबा रामदेव के लिए काफी आसान रहा है। पतंजलि आयुर्वेद और अपने बेबाक बयानों के लिए रामदेव मशहूर हैं। लेकिन लगता है कि अब बाबा खुद अपनी कंपनी के विज्ञापनों, झूठे दावों और ऐलोपैथी की आलोचना के चलते खुद मुश्किल में हैं। बाबा रामदेव के पास मुंबई में एक आलीशान घर है जिसकी कीमत 4 करोड़ रुपये के आसपास है। रामदेव ने यह घर साल 2006 में खरीदा था। इसके अलावा भी मुंबई और हरिद्वार में उनकी कई संपत्तियां है। वह पतंजलि योग पीठ और दिव्य मंदरि ट्रस्ट के मालिक हैं। बाबा रामदेव के पास ऑडी और रेंज रोवर जैसी महंगी कारें हैं। सवाल बाबा रामदेव के सम्पत्ति और आलीशान मकान का नहीं है, मूल बात यह कि आर्युवेदिक दवाओं की गुणवत्ता के साथ खिलवाड़ नहीं होना चाहिये। यह लोगों की जिन्दगी से जुड़ा है।

# महामहिम राष्ट्रपति के सम्मान का यक्ष प्रश्न



**–निर्मल रानी–**



भारत के राष्ट्रपति देश के प्रथम नागरिक होते हैं। इस पद पर आसीन व्यक्ति भारतीय गणराज्य का प्रमुख भी होता है। कार्यपालिका का सर्वोच्च पद होने तथा तीनों सेनाओं के प्रमुख होने के नाते भी राष्ट्रपति को देश में सर्वोच्च सम्मान प्राप्त होता है। परन्तु विगत समय से ऐसी कई घटनायें सामने आईं जिन्हें देखकर यह कहा जा सकता है कि कई बार देश के इस सर्वोच्च पद पर बैठने वाले महामहिम राष्ट्रपति को भी अपमानित करने का दुस्साहस किया गया। जिन दो महामहिम राष्ट्रपति के अपमान या यथोचित उन्हें सम्मान न दिए जाने की चर्चा रही उनमें एक तो वर्तमान महामहिम राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू हैं और दूसरे इनके पूर्ववर्ती राष्ट्रपति राम नाथ कोविंद। यह भी एक अजीब संयोग है कि श्रीमती द्रौपदी मुर्मू जिन्होंने 25 जुलाई, 2022 को भारत की 15वीं राष्ट्रपति के रूप में शपथ ग्रहण की वह महिला होने के साथ साथ आदिवासी समाज से सम्बन्ध रखने वाली पहली राष्ट्रपति भी हैं जबकि इनके पूर्ववर्ती राष्ट्रपति राम नाथ कोविंद का सम्बन्ध दलित समाज से था। राजनैतिक हल्कों में उपरोक्त दोनों व्यक्तियों के अपमान की चर्चा आदिवासी व दलित समुदाय के अपमान के रूप में भी रेखांकित की जा रही है। परन्तु यदि इस श्राजनैतिक श पहलू को पीछे छोड़ भी दिया जाये तो भी एक राष्ट्रपति के रूप में इन विभूतियों के साथ जो घटनायें घटित हुई हैं वह निश्चित रूप से इस सर्वोच्च गरिमामयी पद पर आसीन व्यक्ति के शसम्मानश पर प्रश्न चिन्ह जरूर खड़ा करती हैं।

ताजातरीन घटना गत 31 मार्च की ही है जबकि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू लालकृष्ण आडवाणी को 'भारत रत्न' सम्मान देने उनके निवास पर पहुंचीं। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सहित 10 अन्य विशिष्टजन तथा परिवार के सदस्य भी उपस्थित थे। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू जिस समय लालकृष्ण आडवाणी को 'भारत रत्न' सम्मान से नवाज रही थीं उस समय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी,गृह मंत्री अमित शाह,भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, बीजेपी के संगठन मंत्री बीएल संतोष तथा पूर्व उपराष्ट्रपति एम. वेंकैया नायडू भी इस कार्यक्रम में शामिल थे। इस अवसर पर लिये गये जो चार चित्र राष्ट्रपति भवन की ओर से एक्स पर पोस्ट किये गये उनमें से एक चित्र में साफ दिखाई दे रहा है कि जिस समय महामहिम राष्ट्रपति मुर्मू खड़े होकर ससम्मान लालकृष्ण आडवाणी को भारत रत्न प्रदान कर रही हैं उस समय लालकृष्ण आडवाणी कुर्सी पर बैठे हैं और उनके बगल की कुर्सी पर प्रधानमंत्री मोदी भी बैठे हैं और ताली बजा रहे हैं। जबकि सामने की पंक्ति में उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ सहित सभी लोग भी बैठे हुये हैं। 96 वर्षीय लालकृष्ण आडवाणी के न खड़े हो पाने का कारण तो उनकी आयु व उनका खराब स्वास्थ्य माना जा सकता है परन्तु प्रधानमंत्री मोदी व उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ द्वारा महामहिम राष्ट्रपति के सम्मान में न खड़ा होना आलोचकों के लिये चर्चा का विषय जरूर बना। कुछ लोगों ने तो यहाँ तक आरोप लगाया कि यह सामान्य शिष्टाचार के खिलाफ तो है ही साथ ही जानबूझकर देश की आधी आबादी के साथ ही आदिवासियों को भी अपमानित किये जाने वाली घटना है।

इसके पहले जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गत वर्ष 28 मई को नवनिर्मित संसद भवन का उद्घाटन किया था उस समय भी विपक्ष सहित अनेक संगठनों ,राजनेताओं व बुद्धिजीवियों ने कहा था कि संसद भवन का उद्घाटन राष्ट्रपति द्वारा ही कराया जाना चाहिए था न कि प्रधानमंत्री द्वारा। राष्ट्रपति मुर्मू द्वारा नए संसद भवन का उद्घाटन करना ही लोकतांत्रिक मूल्यों और संवैधानिक मर्यादा के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता का प्रतीक होता। इससे पूर्व जब नई संसद भवन का शिलान्यास समारोह हुआ था उसमें भी तत्कालीन राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद को आमंत्रित नहीं किया गया था। नई संसद भवन के उद्घाटन समारोह को लेकर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने सीधे तौर पर प्रधानमंत्री मोदी पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का अपमान करने का आरोप लगाते हुये यहां तक कहा था कि श्ऐसा लग रहा है कि मोदी ने दलित और आदिवासी समुदायों से भारत के राष्ट्रपति का चुनाव केवल चुनावी कारणों से सुनिश्चित किया हैश। खड़गे ने यह भी कहा था कि भारत के राष्ट्रपति का कार्यालय भाजपा–आरएसएस सरकार के तहत प्रतीकवाद तक सिमट गया है। उस समय कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने भी कहा था कि नए संसद भवन का उद्घाटन प्रधानमंत्री को नहीं बल्कि राष्ट्रपति को करना चाहिए।

ऐसी ही एक घटना 23 जुलाई 2022 की है जबकि संसद में राष्ट्रपति राम नाथ कोविंद का विदाई समारोह आयोजित हो रहा था। उस विदाई समारोह में प्रथम पंक्ति में बैठे सभी विशिष्ट जनों का अभिवादन करते हुये राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद जब प्रधानमंत्री मोदी के पास पहुंचे तो वे राष्ट्रपति की ओर देखने के बजाये उनकी अनदेखी करते हुये कैमरे की तरफ देखने लगे जबकि राष्ट्रपति प्रधानमंत्री मोदी की ओर असहज होकर देखते हुये आगे निकल गये। इसी तरह 18 मार्च 2018 की उस घटना में भी राष्ट्रपति कोविंद व उनकी पत्नी का अनादर होते साफ दिखाई दिया था जब वे भगवान जगन्नाथ के दर्शन के लिये पुरी के प्रसिद्ध जगन्नाथ मंदिर गए थे। महामहिम राष्ट्रपति जब प्रभु जगन्नाथ के विराजमान होने वाले 'रत्न सिंहासन' पर माथा टेकने गए तो वहाँ उपस्थित मंदिर सेवकों ने उनके लिए रास्ता नहीं छोड़ा। आरोप यह भी था कि जब राष्ट्रपति और उनकी पत्नी दर्शन कर रहे थे उस समय कुछ सेवादारों ने कथित रूप से दोनों को कोहनी भी मारी। कुछ सेवकध्पंडे महामहिम राष्ट्रपति के शरीर से भी चिपक रहे थे। यहाँ तक कि महामहिम राष्ट्रपति की पत्नी, जो भारत की 'फर्स्ट लेडी' हैं जानबूझकर कुछ पंडे उनके सामने भी आ गए थे। इस घटना को लेकर राष्ट्रपति भवन की ओर से असंतोष भी व्यक्त किया गया था। उस समय भी राष्ट्रपति व उनकी पत्नी से दुर्व्यवहार करने वाले किसी भी व्यक्ति के विरुद्ध कोई कार्रवाई नहीं की गई थी। उसी समय यह खबर भी आई थी कि राष्ट्रपति ने पुरी छोड़ने से पहले ही वहां के तत्कालीन जिलाधीश अरविंद अग्रवाल से इस घटना के बारे में अपना असंतोष भी जाहिर कर दिया था। परन्तु राष्ट्रपति व उनकी पत्नी के निरादर की बात करना,दोषी के विरुद्ध कार्रवाई करना या उस पर खेद जताना तो दूर उल्टे उनके जाने के कुछ ही देर बाद एक सेवायत ने मीडिया के सामने इस बात को लेकर शिकायत जरूर दर्ज कराई कि राष्ट्रपति की ओर से उन्हें श्एक रुपयाश भी दक्षिणा नहीं दी गयी। इस तरह की शर्मानक घटनायें निश्चित रूप से महामहिम राष्ट्रपति के सम्मान को लेकर सवाल जरूर खड़ा करती हैं।महामहिम राष्ट्रपति के पद पर आसीन होने वाला व्यक्ति किसी भी धर्म जाति या लिंग का क्यों न हो,उसका सर्वोच्च सम्मान किया जाना चाहिये।

# गाजा पट्टी में युद्ध विराम समय की मांग



**–ललित गर्ग–**



संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने गाजा पट्टी में युद्ध और मानवीय पीड़ा पर विराम लगाने के लिए, तत्काल युद्धविराम लागू किए जाने और तमाम बन्धकों की तत्काल व बिना शर्त रिहाई की मांग करने वाला एक नया प्रस्ताव पारित कर दिया है। यह प्रस्ताव, 11 मार्च को शुरू हुए रमजान के महीने की करुण एवं मानवीय पुकार है, साथ ही, इसराइल पर हमलों के दौरान बन्धक बनाए लोगों में से शेष 130 लोगों को रिहा किए जाने की मांग है। हमास एवं इस्राइल के बीच चल रहे युद्ध को विराम देकर, शांति का उजाला करने, अभय का वातावरण, शुभ की कामना और मंगल का फैलाव करने के लिये को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद को दृढ़ता से शांति प्रयास एवं युद्ध विराम को लागू करना ही चाहिए। मनुष्य के भयभीत मन को युद्ध की विभीषिका से मुक्ति देनी चाहिए। इन दोनों देशों को अभय बनकर विश्व को निर्भय बनाना चाहिए। निश्चय ही यह किसी एक देश या दूसरे देश की जीत नहीं बल्कि समूची मानव–जाति की जीत होगी। यह समय की नजाकत को देखते हुए जरूरी है और इस जरूरत को महसूस करते हुए दोनों देशों को अपनी–अपनी सेनाएं हटाने के लिए तैयार हो जाना चाहिए। गाजा में विशाल स्तर पर उपजी आवश्यकताओं और जरूरतमन्द आबादी तक मानवीय सहायता पहुँचाएं जाने की भी जरूरत है, क्योंकि वहां के लोग भुखमरी के कगार पर पहुँच चुके है।

छह महीने से जारी इस भयंकर जंग के दौरान यह पहला मौका है, जब संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने युद्धविराम का प्रस्ताव पारित किया है। यह इसलिए संभव हुआ कि अमेरिका ने इसे वीटो करने से परहेज किया। निश्चित रूप से सुरक्षा परिषद का यह प्रस्ताव विश्व जनमत से उपजे दबाव की अभिव्यक्ति है। बड़े शक्तिसम्पन्न राष्ट्रों को इस युद्ध विराम देने के प्रस्ताव को बल देना चाहिए और इसे लागू करने के प्रयास करने चाहिए। पिछले सात अक्टूबर को हमास की ओर से किए गए आतंकी हमले के खिलाफ जब इस्राइल ने कार्रवाई की बात कही तो अमेरिका और भारत समेत तमाम देशों की सहानुभूति उसके साथ थी। लेकिन इस्राइल ने जिस तरह से गाजा में हवाई हमले शुरू किए और वहां से आम लोगों के हताहत होने की खबरें आने लगीं, उसके बाद यह आवाज तेज होती गई कि इस्राइल को अपने अभियान का स्वरूप बदलना चाहिए। अब तक गाजा में करीब 32 हजार लोगों के मारे जाने की खबरें हैं, जिनमें ज्यादातर महिलाएं और बच्चे हैं। भारत हमेशा युद्ध–विरोधी रहा है, युद्ध–विराम की उसकी कोशिशें निरन्तर चलती रही है। किसी भी देश में यह भ्रम पैदा नहीं होना चाहिए कि भारत हाथ पर हाथ धरे बैठा रहा है। भारत ने उचित ही संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद को यह भी बता दिया है कि वह सभी संबंधित पक्षों के संपर्क में है और उनसे बातचीत की मेज पर लौटने का आग्रह कर रहा है। निस्संदेह, भारत को मानवता के पक्ष में शांति, युद्ध–विराम और राहत के प्रयासों में जुटे रहना चाहिए। भारत के ऐसे प्रयासों का ही परिणाम है कि संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने युद्धविराम का ऐसा प्रस्ताव पारित किया है।

गाजा पट्टी में हिंसक टकराव पर विराम लगाने के लिए सुरक्षा परिषद की कई बैठकें हो चुकी हैं, मगर फिलहाल यह सम्भव नहीं हो पाया है। नवम्बर 2023 में एक सप्ताह के लिए लड़ाई रोकी गई थी और गाजा से बंधकों और इस्राइल से फलस्तीनी बंदियों की अदला–बदली हुई थी। मगर, इसके बाद लड़ाई फिर भड़क उठी और इसमें तेजी आई है। गाजा में मृतक संख्या और भूख व कुपोषण से प्रभावित फलस्तीनियों की संख्या निरंतर बढ़ रही है। इसके मद्देनजर लड़ाई को जल्द से जल्द रोके जाने और मानवीय पीड़ा पर मरहम लगाने की मांग भी प्रबल हो रही है। दुनिया के किसी भी हिस्से में मानवता का इस तरह पीड़ित एवं मर्माहत होना शर्म की बात है। इस शर्म को लगातार ढ़ोते रहना शक्तिसम्पन्न एवं निर्णायक राष्ट्रों के लिये शर्मनाक ही है। अब एक सार्थक पहल हुई है तो उसका स्वागत होना ही चाहिए।

समूची दुनिया और उसके देश हमास एवं इस्राइल के बीच चल रहे युद्ध को विराम देने की अपेक्षा महसूस करते हुए लगातार मांग कर रहे हैं, लेकिन अफसोस की बात थी कि अलग–अलग देशों में हो रहे प्रदर्शनों में व्यक्त होती जनभावना एवं मानवता की पुकार संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के प्रस्ताव के रूप में बाहर नहीं आ पा रही थी। खुद अमेरिका इससे पहले गाजा युद्ध विराम से जुड़े तीन प्रस्ताव को वीटो कर चुका था। सोमवार को मतदान से अलग रहते हुए भी उसने इस प्रस्ताव को पारित होने दिया, जो उसके अब तक के रुख में अहम बदलाव के रूप में देखा जा रहा है। अमेरिकी रुख में आए इस कथित बदलाव पर इस्राइल ने भले ही तीखी प्रतिक्रिया जताई। इस्राइली पीएम नेतन्याहू ने इसी सप्ताह बातचीत के लिए अमेरिका जाने वाले एक उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल के कार्यक्रम को रद्द करने की घोषणा कर दी। हालांकि अमेरिका ने अपने रुख में बदलाव से इनकार किया है, लेकिन फिर भी माना जा रहा है कि अमेरिका का ताजा कदम इस बात का स्पष्ट संकेत है कि इस्राइल उसके समर्थन को तय मानकर न चले। भले ही अमेरिका और उसके सहयोगी देशों की नाकामी ने अंतरराष्ट्रीय कूटनीतिक क्षेत्र में एक रिक्तता पैदा करते हुए संकट को गहराया है लेकिन अब अमेरिका के बदले रूख से युद्ध का अंधेरा नहीं, शांति का उजाला होने की संभावनाएं हैं। अमेरिका के रुख में यह बदलाव और सुरक्षा परिषद का प्रस्ताव सकारात्मक संकेत हैं। लेकिन फिर भी इनके संभावित परिणामों को लेकर अभी धुंधलके ही छाये हैं, किसी निष्कर्ष एवं निर्णायक मोड में पहुंचने की बात अभी जल्दबाजी ही प्रतीत हो रही है। हालांकि अभी बात इस्राइल और फलस्तीन के बेहद लंबे और जटिल विवाद की नहीं, बस गाजा में चल रहे युद्ध को बंद करने और बंधकों को रिहा करने की संभावनाओं तक सीमित है। लेकिन यह सीमित लक्ष्य भी तमाम अनिश्चितताओं से घिरा है। ऐसे में फिलहाल सिर्फ यह उम्मीद और अपील की जा सकती है कि सभी संबंधित पक्ष इस मामले में सकारात्मक और लचीला रुख अपनाएं।

बात भले ही अभी गाजा में युद्ध–विराम की हो, लेकिन युद्ध कहीं भी हो, विनाश का ही कारण है, विकास को अवरूद्ध करने एवं शांति एवं अमन को बाधित करने का जरिया है। युद्ध तो लम्बे समय से रूस एवं यूक्रेन के बीच भी चल रहा है। हमाम और इस्राइल भी लम्बे समय से युद्धरत है। इस तरह युद्धरत बने रहना खुद में एक असाधारण और अति–संवेदनशील मामला है, जो समूची दुनिया को विनाश एवं विध्वंस की ओर धकेलने जैसा है। ऐसे युद्ध का होना विजेता एवं विजित दोनों ही राष्ट्रों को सदियों तक पीछे धकेल देगा, इससे भौतिक हानि के अतिरिक्त मानवता के अपाहिज और विकलांग होने का भी बड़ा कारण बनेगा। विश्वशांति एवं मानवता की रक्षा का ध्यान रखते हुए युद्धरत देशों को युद्ध विराम के लिये अग्रसर होना चाहिए। जब तक युद्धरत देशों के अहंकार का विसर्जन नहीं होता तब तक युद्ध की संभावनाएं मैदानों में, समुद्रों में, आकाश में तैरती रहेगी, इसलिये आवश्यकता इस बात की भी है कि जंग अब विश्व में नहीं, हथियारों में लगे। मंगल कामना है कि अब मनुष्य यंत्र के बल पर नहीं, भावना, विकास और प्रेम के बल पर जीए और जीते।

# इंडिया गठबंधन में एकता की चुनौती



**–पूनम आई. कौशिश–**

.एकता में फूट या फूट में एकता? चकित हैं? बिल्कुल। क्योंकि 'इंडिया' गठबंधन लोकतंत्र बचाओ के नाम पर रविवार को दिल्ली में एकजुट हुआ, जहां पर उसने भाजपा के विरुद्ध वैचारिक आधार तैयार और प्रतिस्पर्धी महत्वाकांक्षाओं से समझौता किया तथा उसका एकमात्र उद्देश्य 2024 में भाजपा को सत्ता से बाहर करना है। इस रैली में कांग्रेस के माता–पुत्र सोनिया–राहुल, कांग्रेस अध्यक्ष खरगे, राकांपा के पवार, सपा के अखिलेश, राजद के तेजस्वी, पी.डी.पी. की मुफ्ती तो नैशनल कांफ्रेंस के अब्दुल्ला आदि ने जोर–शोर से भाजपा पर संवैधानिक लोकतंत्र की हत्या करने और मोदी पर निरंकुश शासन करने का आरोप लगाया, किंतु यह उनके लिए परीक्षा की घड़ी है। हालांकि इस रैली में उन्होंने भाईचारा दिखाया और लगता है उन्हें इन चुनावों के लिए एक सांझा उद्देश्य मिल गया है।

निःसंदेह 'इंडिया' गठबंधन को 'आप' नेता और दिल्ली के मुख्यमंत्री केजरीवाल और झारखंड मुक्ति मोर्चा नेता और झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी से एक झटका लगा, किंतु इससे उन्हें 'इंडिया' गठबंधन को मजबूत करने और इस मुद्दे को जनता तक ले जाने का अवसर भी मिला। किंतु बड़ा प्रश्न है कि क्या वे चुनावों से पूर्व राजनीतिक वातावरण को प्रभावित कर पाएंगे क्योंकि न्यायालय दोनों गिरफ्तारियों के बारे में गुणागुण के आधार पर निर्णय लेगा क्योंकि प्रवर्तन निदेशालय और सी.बी.आई. ने विपक्षी नेताओं के विरुद्ध अनेक मामले दायर किए हैं।

दूसरा, क्या 'इंडिया' गठबंधन मतदाताओं को यह विश्वास दिला पाएगा कि भाजपा जांच एंजैंसियों को औजार बना रही है और आयकर विभाग कांग्रेस के खातों को सील कर रहा है? क्या वह चुनावी बॉण्ड को चुनावी मुद्दा बना पाएगा? क्या उनके पास कोई सांझा मुद्दा है, जो उन्हें एकजुट रख सकता है? क्या वे केवल भाजपा के प्रति घृणा के कारण एकजुट हुए हैं, जबकि वे अपने–अपने क्षेत्र की रक्षा के लिए एक–दूसरे के विरुद्ध कार्य कर रहे हैं? पहले ही तृणमूल कांग्रेस की ममता ने कांग्रेस–माकपा पर आरोप लगाया है कि वह भाजपा के हित के लिए काम कर रहे हैं और स्पष्ट कर दिया कि पश्चिम बंगाल में गठबंधन नहीं होगा।

इसके अलावा गठबंधन में सीटों के बंटवारे के मुद्दे पर सहमति नहीं है और जमीनी स्तर पर चुनाव प्रचार में भी कोई समन्वय नहीं है। विशेषकर उन राज्यों में, जहां पर वे गठबंधन में हैं। उन्हें अभी वैकल्पिक शासन और राजनीति के लिए एजेंडा निर्धारित करना है। दूसरा, सम्यक प्रक्रिया का पालन किस तरह से किया जाएगा, जबकि ई.डी. द्वारा विपक्ष के नेताओं के दरवाजे खटखटा कर चुनावी प्रक्रिया को बाधित करने की चिंता व्यक्त की जा रही है तथा दूसरी ओर सी.बी.आई. और प्रवर्तन निदेशालय द्वारा उन नेताओं को दोषमुक्त घोषित किया जा रहा है, जो भाजपा के सहयोगी बन गए। राकांपा के प्रफुल्ल पटेल का एयर 'इंडिया' घोटाला इसका उदाहरण है।

क्या भाजपा मतदाताओं को यह विश्वास दिला पाएगी कि प्रवर्तन निदेशालय की कार्रवाई राजनीतिक विद्वेष नहीं है, जैसा कि विपक्ष प्रचारित कर रहा है। दूसरा, 'इंडिया' गठबंधन में तनाव अंतर्निहित है क्योंकि क्षेत्रीय दल ऐतिहासिक रूप से कांग्रेस विरोधी रहे हैं। तेलंगाना और कर्नाटक में कांग्रेस क्षेत्रीय दलों के विरुद्ध सफल रही है। इसकी तुलना में तमिलनाडु और बिहार में वह क्षेत्रीय दलों की पिछलग्गू बनी है, हालांकि इन राज्यों के कांग्रेसी नेताओं ने इसका विरोध किया है।

यही स्थिति महाराष्ट्र में है, जहां पर राकांपा और शिवसेना–उद्धव गुट कांग्रेस को सीटों के बंटवारे में अपनी मनमर्जी करने नहीं देंगे। बिहार में स्थानीय कांग्रेसी नेताओं में गुस्सा, निराशा, और संदेह पनप रहा है क्योंकि उनका मानना है कि उनके साथ विश्वासघात किया गया है।

# चुनावी रंजिश में प्रधान के ससुर की पीट-पीटकर हत्या, खून से लथपथ मिला शव



**संवाददाता–बहराइच।** विशेश्वरगंज थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत नेठिया की ग्राम प्रधान के ससुर की बुधवार रात लाठियों से पीट–पीटकर हत्या कर दी गई। बुजुर्ग फसल की रखवाली करने खेत गए थे और वहीं पूर्व प्रधान ने साथियों के साथ उन पर हमला कर दिया। सुबह खून से लथपथ पड़े बुजुर्ग को परिजनों ने मेडिकल कॉलेज पहुंचाया जहां उनकी मौत हो गई। घटना के बाद से गांव में तनाव की स्थिति है। विशेश्वरगंज थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत नेठिया के मजरा भागीरथपुरवा निवासी आरती देवी ग्राम प्रधान हैं। बुधवार की रात उनके ससुर राम प्रसाद चौहान (60) खेत में लगी गेहूं की फसल की रखवाली करने के लिए खेत गए थे। आरोप है, वहां देर रात पूर्व प्रधान ने अपने बेटों के साथ उन पर लाठी लंडो से हमला कर दिया। राम प्रसाद को मृत समझ कर सभी उन्हें वहीं पड़ा छोड़ कर फरार हो गए। सुबह राम प्रसाद जब घर नहीं पहुंचे तो परिजन खेत पहुंचे। जहां उन्हें खून से लथपथ देख परिजनों में हड़कंप मच गया।

परिजन आननफानन में उन्हें लेकर मेडिकल कॉलेज पहुंचे, जहां उनकी मौत हो गई। मौत की सूचना घर पहुंचते ही परिजनों में कोहराम मच गया। घटना की सूचना पर थाना प्रभारी नवीन सिंह टीम के साथ गांव पहुंचे और जांच पड़ताल की। वहीं, पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजवाया। घटना के बाद से गांव तनाव की स्थित बनी हुई है। राम प्रसाद चौहान की मौत की सूचना पहुंचते ही पूरे घर में कोहराम मच गया। वहीं, पत्नी सुखिया अचेत होकर गिर गई। पत्नी सुखिया ने आरोप लगाते हुए बताया की उनके पति को पूर्व प्रधान अनूप शुक्ला, श्रीचंद, मोटे उर्फ नागेंद्र, आनंद, विवेक, अभिषेक व परमा ने पीट–पीटकर मार डाला। थाना प्रभारी विशेश्वरगंज नवीन सिंह का कहना है कि परिजनों की तहरीर पर नामजद सात आरोपियों पर हत्या का मुकदमा दर्ज कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। जांच की जा रही है।

# 12 प्रकार के पहचान पत्रों में से एक दिखाकर कर सकेंगे मतदान

**संवाददाता–श्रावस्ती।** अगर आपके पास मतदाता पहचान पत्र नहीं है तो घबराने की जरूरत नहीं है। निर्वाचन आयोग ने 12 प्रकार के विकल्प सुझाए हैं। यदि इनमें से कोई भी आपके पास है तो आप मतदान कर सकते हैं।

लोकसभा चुनाव में मतदान के समय मतदाता को अपनी पहचान सिद्ध करने के लिए अपना फोटो पहचान पत्र प्रस्तुत करना होगा। लेकिन ऐसे मतदाता जो अपना मतदाता फोटो पहचान पत्र प्रस्तुत नहीं कर पाते हैं उन्हें अपनी पहचान पत्र सिद्ध करने के लिए वैकल्पिक फोटो पहचान पत्र दिखाने का विकल्प दिया गया है। जिला निर्वाचन अधिकारी कृतिका शर्मा ने बताया कि लोकसभा चुनाव में मतदाता पहचान पत्र न होने पर वोट डालने के लिए वैकल्पिक 12 प्रकार के दस्तावेजों में से कोई एक दस्तावेज दिखा सकते हैं। जिसमें आधार कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड, बैंकों व डाकघरों से जारी फोटोयुक्त पासबुक, श्रम मंत्रालय की योजना से जारी स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, पैन कार्ड, एनपीआर के तहत आरजीआई से जारी स्मार्ट कार्ड, भारतीय पासपोर्ट, फोटोयुक्त पेंशन दस्तावेज, केन्द्र व राज्य सरकार, लोक उपक्रम, पब्लिक लिमिटेड कम्पनियों से जारी फोटोयुक्त सेवा पहचान–पत्र, सांसदों या विधायकों अथवा विधान परिषद सदस्यों को जारी किए गए सरकारी पहचान पत्र, यूनिक डिसएबिलिटी आईडी (यूडीआईडी) कार्ड, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार से जारी पहचान पत्र शामिल है। उन्होंने बताया कि मतदाताओं की सुविधा के लिए मतदाता सूचना पर्ची बीएलओ के माध्यम से वितरित किए जाएंगे। मतदाता सूचना पर्ची को मतदाता के पहचान दस्तावेज के रूप में नहीं माना जाएगा। मतदाता को अपनी पहचान सिद्ध करने के लिए मतदाता सूचना पर्ची के साथ वैकल्पिक फोटो पहचान दस्तावेजों में से कोई एक साथ लाना अनिवार्य होगा।

# चिन्हित कर शत प्रतिशत दिव्यांग बच्चों का हो नामांकन–डीएम

**संवाददाता–श्रावस्ती।** दिव्यांग बच्चों को शिक्षा से वंचित रखना अपराध है। क्योंकि शिक्षा का अधिकार अधिनियम के तहत दिव्यांग बच्चों को अनिवार्य रूप से शिक्षा की मुख्य धारा में समाहित किया जाना है। बैठक में डीएम कृतिका शर्मा ने अधिकारियों को यह निर्देश दिए।

जिलाधिकारी कृतिका शर्मा ने गुरुवार को कलेक्ट्रेट में दिव्यांग बच्चों की शिक्षा के लिए कार्यरत इंटीनरेन्ट टीचर्स के साथ बैठक की। उन्होंने कहा कि डोर–टू–डोर सर्वे करके बच्चों का चिन्हांकन कर परिषदीय स्कूलों के शिक्षकों को उन बच्चों की सूची उपलब्ध कराएं और बच्चों का नामांकन कराएं। बच्चों के नामांकन के बाद उपकरण के लिए भी चिन्हित कर यू–डायस में प्रत्येक बच्चे का डाला फीड कराया जाए। उन्होंने कहा कि वर्ष 2022–23 के यू–डायस तथा समर्थ पोर्टल के बच्चों की संख्या का मिलान कर लिया जाय तथा दोनों में एकरूपता होनी चाहिए। यदि किसी विद्यालय में यू–डायस तथा समर्थ पोर्टल के बच्चों के विवरण में अंतर मिले तो संबंधित विद्यालय के शिक्षक के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि विद्यालय में बच्चों की उपस्थिति की संख्या पर विशेष ध्यान दिया जाए। डीएम ने कहा कि 492 नोडल टीचर्स को दिव्यांग बच्चों के साथ शिक्षण कार्य किये जाने को प्रशिक्षण दिया जा चुका है। प्रशिक्षण प्राप्त अध्यापक दिव्यांग बच्चों के साथ नियमित रूप से शिक्षण कार्य आरम्भ करें। बैठक में कृष्ण मणि पाण्डेय, आलोक कुमार, बलवन्त सिंह, प्रदीप कुमार, सत्य प्रकाश, उमाशंकर, सुजीत कुमार सिंह, धर्मेंद्र मिश्रा, प्रतिभा सिंह, नीता सिंह, बालकृष्ण तिवारी, चन्द्रेश्वर यादव, विनोद कुमार आदि मौजूद रहे।

# अनाड़ी मंडल द्वारा श्री रामलला को सुनाया गया अखंड रामायण पाठ



**–भारतीय बस्ती संवाददाता–**

अयोध्या।अनाड़ी मंडल द्वारा अयोध्या धाम स्थित श्री राजगोपाल मंदिर के अधिकारी सर्वेश्वर दास शरद जी के दिशा निर्देशन में संगीत में अखंड रामायण का पाठ अयोध्या में भव्य श्री राम मंदिर निर्माण के बाद किए और संत महंतो को आमंत्रित कर उनका स्वागत सत्कार करके प्रसाद पवाया। सर्वेश्वर दास महाराज ने बताया कि अनाड़ी मंडल निरंतर ठाकुर जी की सेवा में भजन कीर्तन करता रहता है श्री राम मंदिर निर्माण के बाद अयोध्या में स्थित श्री राजगोपाल मंदिर में उनकी मंडली द्वारा अखंड पाठ किया गया इसका उद्देश्य श्री राम लला को को अखंड पाठ द्वारा उनके मर्यादा लीला को उन्हीं को सुनना था। इस अवसर पर टोली में आए भक्त जनों नेध श्री राम लला, हनुमान गढ़ी, कनक भवन, राम की पैड़ी सहित विभिन्न दर्शनीय स्थलों का दर्शन भ्रमण किया गया और सांध्य सरयू आरती, लेजर शो में भी सम्मिलित होकर जीवन धन्य किया। यह पूरा कार्यक्रम अनाड़ी मंडल लखीमपुर के महाबीर प्रसाद लाला की अगुवाई में संपन्न हुआ। श्री राजगोपाल मंदिर में महंत सीताराम शरण, महंत अवध किशोर शरण, महंत राम लोचन शरण, महंत उद्धव शरण महंत अखिलेश्वर दास महंत हरभजन दास सहित सैकड़ो की संख्या में संतों महतो का स्वागत सम्मान किया गया।

अनाड़ी मंडल द्वारा आयोजित अयोध्या धाम रामचरित मानस अखंड पाठ में ललित, रेखा, घनश्याम दास, सावित्री देवी, श्रीराम, राजरानी, हंसराज, शकुन देवी, महाबीर संतोष, लखन, मंजू देवी, जियालाल बीना, विष्णु, रूबी, विशाल, वैभव, विक्रम, मैना, राम दयाल, गौरी गुप्ता, गोविंद प्रसाद, हरि, कल्याणी, संगीता, महेंद्र, अरुण, मीना गुप्ता, राम मोहन गुप्त, सक्षम, दक्ष, तमन्ना, हिमांशु, केशू, कृष्ण, हनी, कार्तिक, अभी, परम, कौशल किशोर, सोनू पाण्डेय, लक्ष्मीकांत, भास्कर, कुलदीप, के के वर्मा, ज्ञानेंद्र कुमार वर्मा, नरेंद्र वर्मा, पिंकू, उमा शिव, राजेंद्र, सत्यप्रकाश तिवारी, सुशील, पवन, राजकुमार, मनोज, दिनेश, रवि, रामायणी राकेश कुमार गुप्ता, सुंदर लाल, शिवकुमार अवस्थी, मनोज गुप्ता, लक्ष्मीनारायण मिश्रा, अशोक तिवारी, विद्या सागर मिश्रा, राजाराम वासुदेव, ललिता मईया, केदारनाथ गुप्ता, धीरज त्रिपाठी, राजेश कुमार सैनी, प्रिंसी सैनी, सुनील कुमार जायसवाल, सचिन, अरुण कपूर, आर के टंडन सहित भारी संख्या में अनाड़ी परिवार के सदस्य, परिजन, साधु संत, श्रृद्धालु भक्तजन उपस्थित रहे।

# पिता ने बेटी के साथ किया दुष्कर्म

**संवाददाता–बहराइच।** जिले में रिश्तों को शर्मशार करने वाली एक वारदात सामने आई जहां पर एक पिता ने अपनी नाबालिग बेटी के साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम देते हुए रिश्ते को कलंकित किया है। बेटी के गर्भवती होने के बाद पिता ने उसका गर्भपात करा दिया। घटना सीडब्लूसी के संज्ञान में आने पर सीडब्लूसी की पीठ ने थाना प्रभारी को पिता के खिलाफ पाक्सो के तहत मुकदमा दर्ज कराने का निर्देश दिया है।

## आज अदा की जाएगी अलविदा की नमाज

**संवाददाता–गोण्डा।** मुकद्दस रमजान के आखिरी शुक्रवार को जुमा अलविदा की नमाज अदा की जाएगी। नमाज को लेकर शहर की मुख्य मस्जिदों के साथ जिले की अन्य मस्जिदों में सभी तैयारियों को मुकम्मल कर लिया गया है। मस्जिद कमेटी के पदाधिकारियों ने मस्जिद में गुरुवार को साफ–सफाई सहित अन्य व्यवस्थाएं दुरुस्त कराईं। उधर, नमाज के लिए पुलिस व प्रशासनिक स्तर पर सुरक्षा के कड़े बंदोबस्त किए गए है। नमाजियों की ज्यादा भीड़ वाली मस्जिदों के आसपास पर्याप्त संख्या में पुलिस बल की मौजूदगी रहेगी। मदरसा मीनाईया के कारी निशार ने कहा कि आखिरी जुमा रमजान के विदा होने का पैगाम है। रोजा, तरावीह की बरकतें, सहरी और इफ्तार की फजीलते खत्म हो रही है। अब जो इबादत के लिए आखिरी लम्हे बचे हैं उनको गनीमत जानकर कद्र करें और कहीं कोई गफलत हुई हो तो उसके लिए अल्लाह से माफी मांगें। वहीं, चौक मनिहारान मस्जिद के इमाम ने बताया यहां शुक्रवार 12.45 पर जुमा अलविदा की नमाज अदा की जाएगी।

# आग से दो घर और 20 बीघा गेहूं की फसल जली

**संवाददाता–श्रावस्ती।** दो अलग अलग स्थानों पर लगी आग में लाखों रुपये का नुकसान हुआ। अज्ञात कारण लगी आग से 20 बीघे गेहूं की फसल जलकर राख हो गई। जबकि बिजली बोर्ड में शार्ट सर्किट होने से दो घरों का सारा सामान खाक हो गया। इकौना थाना क्षेत्र के ग्राम बिशुनापुर निवासी सद्दीक पुत्र मोहब्बत अली के घर में बिजली का बोर्ड लगा था। गुरुवार दोपहर में बिजली रहने के दौरान अचानक बोर्ड में शार्ट सर्किट होने से घर में आग लग गई। देखते ही देखते आग पूरे घर में फैल गई। घर के लोग जान बचाकर बाहर निकल गए और शोर मचाने लगे। इस दौरान आग ने बगल के असगर अली पुत्र सद्दीक अहमद के घर को पकड़ लिया। इससे दोनों मकान धूं धूं कर जलने लगे। शोर सुनकर ग्रामीण इकट्ठा हो गए और आग बुझाने में जुट गए। साथ ही घटना की जानकारी पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही थाना इकौना के प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार सिंह पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने ग्रामीणों के साथ मिलकर कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। लेकिन तब तक घरों में रखा दो लाख रुपये नकदी समेत कपड़ा, राशन आदि जलकर राख हो गया। सूचना पर पहुंची राजस्व विभाग की टीम ने क्षति का आंकलन किया। इसी तरह जमुनहा तहसील क्षेत्र के गिरंट थाना क्षेत्र के पटपरगंज स्थित खेत में अज्ञात कारणों से आग लग गई। देखते ही देखते खेल में लगी गेहूं की फसल धूं धूं कर जलने लगी। हवा चलने के कारण आग तेजी से फैलने लगी और अन्य खेतों को अपनी जद में लेते हुए आग बड़ती जा रही थी। खेतों से उठता धुआं देख ग्रामीण भागते हुए खेत में पहुंचे और आग बुझाने की कोशिश में लग गए। घंटों की कड़ी मेहनत के बाद लोगों ने आग पर काबू पा लिया। लेकिन तब तक ग्राम पंचायत पटपरगंज के निवासी किसान समसुल, ननकऊ, असलम तथा डाडेकुंइया गांव निवासी किसान अख्तर, मुस्लिम, अकबर, महमूद का 20 बीघे गेहूं की फसल जलकर खाक हो गई। लेखपाल सुरेश खन्ना ने मौके पर पहुंचकर क्षति आंकलन किया और रिपोर्ट तैयार कर तहसील को देने का आश्वासन दिया।

# चला रहे संचारी रोग नियंत्रण अभियान, इलाज की व्यवस्था ध्वस्त

**संवाददाता–गोण्डा।** कहने को तो संचारी रोग नियंत्रण अभियान चल रहा है लेकिन चिकित्सा व्यवस्था ध्वस्त है। जापानी इंसेफ्लाइटिस के लिए बाबू ईश्वर शरण अस्पताल में बच्चों को बेहतर उपचार की सुविधा मुहैया कराने के लिए पीआईसीयू (पीकू) वार्ड बनाया गया है। वार्ड के सारे वेंटीलेटर खराब हैं। वेंटीलेटरों का सेंसर ही काम नहीं कर रहा है। ऐसी बात नहीं कि इसकी जानकारी अफसरों को नहीं है। बालरोग विशेषज्ञ ने कई बार लिखित शिकायत भी की लेकिन वेंटीलेटर ठीक नहीं कराया जा सका है।

जेई से प्रभावित बच्चों के इलाज के लिए अस्पताल परिसर में ही पीकू वार्ड बनाया गया है। पीकू वार्ड में अत्याधुनिक उपकरणों से लैस 10 बेड संचालित किए जा रहे हैं। पीकू वार्ड में हर समय लगभग चार से पांच गंभीर रूप से बीमार बच्चे भर्ती रहते हैं। इसके बाद भी उपकरणों को ठीक कराने पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। यह स्थिति तब है जबकि हाल ही में अस्पताल को स्वशासी मेडिकल कॉलेज से सम्बद्ध भी कर दिया गया है। बच्चों के इलाज के लिए पीकू वार्ड में पांच वेंटीलेटर उपलब्ध है। उसे चलाने के लिए आठ–आठ घंटे पर वेंटीलेटर संचालकों की ड्यूटी भी लगाई जाती है फिर भी महीनों बीतने के बाद भी खराब वेंटीलेटर ठीक नहीं हो सका है। बाल रोग विशेषज्ञ डा आफताब आलम कहते हैं कि वेंटीलेटर खराबी की सूचना लिखित रूप से दी गई है। पीकू वार्ड की एसी भी नहीं कर रही कूलिंग रू पीकू वार्ड में गर्मी न लगे, इसके लिए एसी लगाई गई है। एसी वार्ड में चल भी रही है लेकिन कूलिंग नहीं कर रही है, जिससे वार्ड में भर्ती बच्चे व उनके तीमारदारों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। अस्पताल के मेडिकल सुपरिटेंडेंट डॉ. एमडब्ल्यू खान ने बताया कि जो अव्यवस्था है, उसे जल्द ही दूर किया जाएगा।

# आग ने छीन ली थीं खुशियां, अब डीएम ने परिवार को दी डेढ़ लाख की मदद



**संवाददाता–देवरिया।** जिलाधिकारी अखंड प्रताप सिंह की पहल से न केवल एक बेटी की शादी होगी, बल्कि आगलगी में जलकर खाक हुई गृहस्थी भी बस सकेगी। आगलगी की घटना में एक परिवार का बेटी की शादी के लिए जुटाया गया सारा सामान जलकर खाक हो गया था। घटना की जानकारी होने पर गुरुवार को जिलाधिकारी ने पीडित को अपने कार्यालय में बुलाकर आर्थिक मदद दी तो उनकी आंखे भर आईं। इस पर जिलाधिकारी ने उन्हें ढांढ़स बंधाते हुए हर संभव मदद का आश्वासन देने के साथ ही शादी में आने का भी वायदा किया। रामपुर कारखाना थाना क्षेत्र के अहिरौली गांव निवासी भोला मजदूरी करके अपना गुजारा करते हैं। उनकी चार पुत्रियां एवं एक बेटा है। एक अप्रैल को भोला के घर आग लग गई थी, जिसमें उनकी गृहस्थी की सामग्री जलकर खाक हो गई थी। धान, गेहूं, साइकिल मशीन, कपड़ा, दैनिक उपयोग की सभी वस्तुएं जल गई थी। इसके अलावा 21 अप्रैल को भोला की तीसरी बेटी की शादी तय है। घर में शादी की तैयारियों से जुड़ी सामग्री, उपहार व नकदी भी आग की भेंट चढ़ गई। उसे कुछ समझ नहीं आ रहा था कि इस विपत्ति का सामना कैसे करे। गांव के प्रबुद्ध लोगों ने उसकी कुछ तात्कालिक मदद की लेकिन ये नाकाफी था। घटना की जानकारी जिलाधिकारी को हुई। जिलाधिकारी ने प्रकरण को संवेदनशीलता के साथ लिया और संवेदनात्मक पहल की। जनसहयोग से डेढ़ लाख रुपये एकत्र हुए, जिसे गुरुवार को जिलाधिकारी ने भोला के बेटे कमलेश को अपने कार्यालय में बुलाकर ग्राम प्रधान मोहम्मद इमरान की उपस्थिति में सौंपा। डीएम ने कमलेश को उसकी बहन की शादी के लिए शुभकामना दी और उसे हर संभव सहयोग के लिए आश्वस्त किया। कमलेश ने इस सहयोग के लिए डीएम का आभार व्यक्त किया। उसने 21 अप्रैल को होने वाली शादी में शामिल होने के लिए जिलाधिकारी को निमंत्रण दिया। जिलाधिकारी ने उसे आश्वस्त किया कि वे उसकी बहन की शादी में जरूर आएंगे। जिलाधिकारी के इस पहल की चर्चा दिनभर शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्र में चलती रही।

# ट्रान्सफार्मर से निकली चिंगारी से दस बीघा गेहूं की फसल खाक



**संवाददाता–देवरिया।** जिरासो गांव में ट्रान्सफार्मर की चिंगारी से निकली आग से करीब दस बीघा फसल राख हो गई। ग्रामीणों के अथक प्रयास से आग पर काबू पाया जा सका। लगातार दूसरे दिन बिजली विभाग की लापरवाही से किसानों की तैयार गेहूं की फसल आग की लपटों में समा गई। किसान विभागीय जिम्मेदारों की लापरवाही से काफी आक्रोशित हैं। जिरासो गांव में प्राथमिक विद्यालय से कुछ दूरी पर ही लगे एक ट्रान्सफार्मर से निकली चिंगारी कुछ ही देर में आग का गोला बनकर किसानों पर कहर बरपाने लगी। घर से हाथों में बाल्टी, पानी आदि लेकर खेतों की किसान दौड़ पड़े। ग्रामीणों के अथक प्रयास से करीब एक घन्टे में आग पर काबू पाया जा सका। इस आगजनी की घटना में करीब दस बीघा गेहूं की फसल राख की ढेर में बदल गया। ग्रामीणों के अनुसार घटना स्थल पर एक तरफ गड्ढा तथा दूसरे छोर पर खाली खेत होने से आग को नियंत्रित आसानी से किया जा सका। गांव के रामआशीष सिंह, अमर सिंह सहित आधा दर्जन किसानों के अरमान पर पानी फिर गया। आगजनी की घटना से अनाज के साथ पशुओं के चारे पर भी संकट छा रहा है। बुधवार को भी क्षेत्र में पोखरापार में शार्ट सर्किट आग लगने के कारण दस बीघा से अधिक फसल जल गया था। ग्रामीणों में लगातार बिजली विभाग की लापरवाही से काफी आक्रोश है। विभागीय जिम्मेदार समय रहते अगर ढीले तारों को ठीक कर देते तो शायद हर साल सैकड़ों एकड़ फसल को बर्बाद होने से बचाया जा सकता है।

# घर से भागीं छात्राएं बरामद वन स्टॉप सेंटर भेजा

**संवाददाता–गोण्डा।** घर से स्कूल जाने के बहाने फरार दोनों छात्राओं को पुलिस ने गुरुवार को बरामद कर लिया। पुलिस पूछताछ में दोनों चचेरी बहनों ने बताया कि भाई के प्रताड़ना से आजिज आकर घर छोड़कर रोजगार करने के मंसूबे से लखनऊ चली गई थीं। पुलिस ने दोनों को मेडिकल और मजिस्ट्रेट के समक्ष बयान के लिए वन स्टाप सेंटर भेजा है। बीते सोमवार को स्कूल से रिजल्ट लेने के बहाने दोनों नाबालिग बहनें घर से निकली थीं। योजना के तहत दोनों ने स्कूल बैग में अपने कुछ कपड़े भी रख लिए थे। देर शाम तक बालिकाओं के घर न लौटने पर परिजनों ने खोजबीन शुरू कर दी। देर शाम दोनों ने एक मोबाइल नंबर से घर पर फोन करके बताया था की एक सहेली के घर रुकी हैं, सुबह तक आ जाएंगी। मंगलवार सुबह जब दोनों छात्राएं घर नहीं लौटी तो परिजनों ने थाने पर तहरीर देकर अपहरण का मुकदमा दर्ज कराया था। मोबाइल से मिली पुलिस को लोकेशनरू पुलिस को दोनों किशोरियों की लोकेशन उसी मोबाइल नंबर से मिला जिससे दोनों बहनों ने अपनी सहेली के घर रुकने का संदेश परिजनों को दिया था। हालांकि, बीते तीन दिन में में उस नंबर का लोकेशन लगातार बदल रहा था। किशोरियों की बरामदगी के लिए गई पुलिस टीम भी लोकेशन का पीछा कर रही थी। इस दौरान परिजनों तथा पुलिस के कॉल करने पर महिला अपना लोकेशन लगातार गलत बता रही थी। गुरुवार तड़के पुलिस टीम को किशोरियों को बरामद करने में सफलता हाथ लगी। प्रभारी निरीक्षक मनोज राय ने बताया की दोनों बालिकाओं को जिला मुख्यालय के वन स्टाप सेंटर रवाना कर दिया गया है।

# बार के पदाधिकारियों का शपथग्रहण आज

**संवाददाता–गोण्डा।** शुक्रवार को बार एसोसिएशन मनकापुर के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों में अध्यक्ष जेपी तिवारी व महामंत्री अजय शुक्ला सहित सभी को पद और गोपनीयता की शपथ दिलायी जायेगी। इसके लिए तैयारियां जोरों से चल रही है। शपथ ग्रहण समारोह के मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश सरकार के मुख्य अस्थाई अधिवक्ता व बार काउंसिल के सचिव प्रशांत सिंह अटल व बार काउंसिल आफ उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष शिव किशोर गौड़ होंगे। वहीं विशिष्ट अतिथि के तौर पर बार काउंसिल आफ उत्तर प्रदेश के सदस्य व पूर्व उपाध्यक्ष बार काउंसिल यूपी जय नरायन पान्डेय, सदस्य बार काउंसिल यूपी मदसूदन त्रिपाठी, सदस्य बार काउंसिल राकेश पाठक भी मौजूद रहें। अधिवक्ता संघ व तहसील के सभी अधिवक्ता कार्यक्रम के तैयारियों में जुटे हैं। यह जानकारी वरिष्ठ अधिवक्ताध्महाधिवक्ता संघ के अध्यक्ष सीके पाठक ने दी है।

# जिले के साधन सहकारी समितियों में खुलेगा जन औषधि केन्द्र

**संवाददाता–महराजगंज।** केन्द्र सरकार के सहकारिता मंत्रालय ने किसानों को आर्थिक मजबूती प्रदान के लिए बड़ा कदम उठाया है। सहकारिता मंत्रालय ने बी–पैक्स(साधन सहकारी समिति) को बहुआयामी, बहुद्देशीय एवं पारदर्शी बनाने के लिए एक नया मॉडल तैयार किया है। इस नये मॉडल के तहत जिले के साधन सहकारी समितियों को जन औषधि केन्द्र बनाए जाएंगे। जिले के तीन सहकारी समितियों को ड्रग लाइसेंस भी मिल गए हैं। स्टोर कोड जारी होते ही संबंधित सचिव अपना काम शुरू करेंगे। महराजगंज जिले में बी–पैक्स के तहत 96 साधन सहकारी समितियां संचालित हैं। लेकिन साधन सहकारी समितियों में ऋण के लेनदेन संबंधी काम बंद होने के बाद खाद की बिक्री एवं धान व गेहूं की खरीद तक सीमित रह गई थी। पर सहकारिता मंत्रालय ने किसानों के अंदर नेतृत्व क्षमता विकसित करने व आर्थिक मजबूती के लिए फिर आगे आ गया। करीब एक वर्ष पहले 36 हजार से अधिक नये किसानों को समितियों से जोड़ा गया। वहीं अब पुरन्दरपुर, बहादुरी बाजार व भुवनी साधन सहकारी समिति को जन औषधि केन्द्र का दर्जा दिया जा चुका है। तीनों समिति के सचिवों द्वारा आवेदन करने के बाद ड्रग लाइसेंस भी मिल गए हैं। ऐसे में सचिवों ने जन औषधि केन्द्र खोलने की सारी तैयारी पूरी कर लिया है। क्षेत्र में जन औषधि केन्द्र खुलने पर आस–पास के तमाम गांवों के किसानों को जेनेरिक दवाओं को खरीदने के लिए इधर–उधर भटकना नहीं पड़ेगा। वहीं जिले के कई अन्य साधन सहकारी समितियों को भी विभाग द्वारा जन औषधि केन्द्र का दर्जा दिलाने को लेकर काम शुरू कर दिया है। जिले के सहकारिता विभाग ने जो तीनों साधन सहकारी समितियों को जन औषधि केन्द्र के माध्यम से जेनेरिक दवाओं की बेचने की कार्ययोजना बनाई है। उस कार्ययोजना के तहत प्रत्येक केन्द्र पर फार्मासिस्ट रखने की बात कही गई है। फार्मासिस्ट किसानों में दवा बेचेंगे। वहीं आय–व्यय का हिसाब–किताब सचिव रखेंगे। सुनील कुमार गुप्ता– एआर कॉआपरेटिव ने कहा कि किसानों को आर्थिक रुप से मजबूत बनाने के लिए हर साधन सहकारी समिति में नये सदस्यों को जोड़ने का काम पूरा कर लिया गया है।

# रेल ट्रैक मरम्मत के दौरान बड़ा हादसा, 9 रेलकर्मी घायल, 4 लखनऊ रेफर

**संवाददाता–गोण्डा।** गोंडा में मसकनवा–लखापतनगर रेलवे–स्टेशन के बीच रेल ट्रैक मरम्मत का कार्य चल रहा था। 13 मीटर लंबे ट्रैक बदलते समय लाइन के फिसलने से रेलवे के 9 ट्रैकमैन गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलते ही रेल विभाग में हड़कंप मच गया। रेलवे के बड़े अधिकारी मौके पर पहुंच गए। सभी घायलों को इलाज के लिए रेलवे के मंडलीय चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है। चार लोगों की हालत गंभीर होने पर उन्हें लखनऊ मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया है।



पूर्वोत्तर रेलवे के मसकनवा–लखपत नगर रेलवे स्टेशन के बीच रेल लाइन पर गुरुवार को मरम्मत का काम चल रहा था। इस दौरान 13 मीटर लंबे ट्रैक को बदलते समय रेल लाइन के फिसलने से 9 रेल कर्मी घायल हो गए। घायलों को रेलवे ट्रैक से पास हो रही मालगाड़ी को रोककर गोंडा जंक्शन लाकर रेलवे के मंडलीय चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। गंभीर रूप से घायल चार लोगों को प्राथमिक उपचार के बाद लखनऊ रेफर कर दिया गया है। सूचना मिलते ही पूर्वोत्तर रेलवे के वरिष्ठ मण्डल इन्जीनियर लखनऊ विनीत कुमार ने पहुंच कर जांच शुरू कर दी है। 9 ट्रेक मैन में क्रमशः महेन्द्र यादव , छेदी लाल, सत्यानंद मिश्र, हरीलाल यादव, दिनेश कुमार यादव, अंकित पटेल, करूण कुमार, कैशुम हुसैन अशोक, शामिल रहे हैं। रेलवे अस्पताल के अपर अधीक्षक डॉ रमेश चंद ने बताया कि नौ रेल कर्मी घायल होकर आए थे। जिसमें चार की हालत गंभीर देखते हुए लखनऊ के लिए रेफर किया गया है। बाकी लोगों का इलाज चल रहा है। सभी लोग खतरे से बाहर है।

# उत्तराखंड मजदूरी करने गए युवक की हादसे में मौत

**संवाददाता–श्रावस्ती।** मजदूरी करने उत्तराखंड गए भचकाही निवासी एक युवक की हादसे में मौत हो गई। सूचना मिलते ही घर में मातम पसर गया। मृतक होली के बाद मजदूरी करने उत्तराखंड गया हुआ था। सिरसिया थाना क्षेत्र के भचकाही निवासी भरत (26) पुत्र शिव नारायण रोजी रोटी की तलाश में उत्तराखंड गया हुआ था। बताया जाता है कि वह उत्तराखंड के टिहरी गढ़वाल में किसी कन्ट्रक्शन कम्पनी में मजदूरी कर रहा था। बुधवार शाम को निर्माण के दौरान मिक्सर मशीन में मसाला तैयार कर लिफ्ट ट्राली के माध्यम से ऊपर पहुंचाया जा रहा है। तभी अचानक ट्राली खींचने वाली लोहे की रस्सी टूट गई और मसाले से भरी ट्राली नीचे गिर गई। जिसकी चपेट में आने से भरत का एक हाथ कट कर शरीर ले अलग हो गया और शरीर में अन्य कई स्थानों पर गंभीर चोटें लग गई। जिससे घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। अन्य साथियों ने सूचना परिजनों को दी तो घर में मातम पसर गया। बताया जाता है कि मृतक काफी समय से उत्तराखंड मजदूरी करने जाता था। होली में घर आया था और त्योहार मनाने के बाद वापस उत्तराखंड गया था। घटना की सूचना मिलने पर एसडीएम भिनगा पीयूष जायसवाल, आपदा विशेषज्ञ अरुण कुमार मिश्र, लेखपाल मनोराम पीड़ित परिवार से मिलने के लिए भचकाही पहुंचे।

टीम ने परिवार को साहस बंधाया और उन्हें हर प्रकार से सहयोग का आश्वासन दिया। एसडीएम ने बताया कि सहारनपुर के आपदा विशेषज्ञ पंकज मिश्र को उत्तराखंड घटना स्थल की ओर रवाना कर दिया गया।

